प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 01.06.2026 समय : 09:00 ए.एम.

..................

- देश में मृदा स्वास्थ्य को बेहतर करने, खेती की लागत कम करने तथा रसायनिक खाद के संतुलित उपयोग के उद्देश्य से आज से **खेत बचाओ अभियान** चलाया जायेगा।

- दस राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों के द्विवार्षिक चुनाव के लिए अधिसूचना आज जारी होगी–इसमें प्रदेश की तीन सीटें शामिल है।

- पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में आंधी बारिश का सिलसिला जारी–4 जून तक हीटवेव से राहत के आसार।

- विश्व दुग्ध दिवस आज–इस साल की थीम महिला किसानों का सम्मान रखी गयी है।

..................

देश में आज से खेत बचाओ अभियान शुरू हो रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से इसका शुभारम्भ करेंगे। यह अभियान 30 जून तक चलेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य उर्वरकों का संतुलित और उचित उपयोग बढ़ाना, मौसम संबंधी चुनौतियों के बीच किसानों को समय पर सलाह देना और पंचायत स्तर पर जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। श्री चौहान ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अभियान में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि अभियान के तहत किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

..................

दस राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों के द्विवार्षिक चुनाव के लिए अधिसूचना आज जारी की जा रही है। इसमें आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक में चार–चार सीटें, राजस्थान और मध्य प्रदेश में तीन–तीन, झारखंड में दो और मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश तथा मिजोरम की एक–एक सीट शमिल है। राजस्थान से तीन सदस्यों भाजपा के रवनीत सिंह बिट्टू और राजेन्द्र गहलोत तथा कांग्रेस के नीरज डांगी का कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो रहा है। चुनाव के लिए नामांकन आज से 8 जून तक दाखिल किए जा सकते हैं।

..................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति के तहत अब तक एक आरएएस सहित 20 अधिकारियों और कर्मचारियों को सरकारी सेवा से बर्खास्त किया है। वहीं 332 कार्मिको को निलंबित किया गया है। साथ ही 108 मामलो में अभियोजन स्वीकृति जारी कर भ्रष्टाचार के आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में लाया गया है। 17 कार्मिकों की पेंशन भी बंद की गई है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्पष्ट किया है कि संवेदनशील पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन उनकी प्राथमिकता है।

..................

आईआईटी रूडकी की ओर से जेईई एडवांस 2026 के नतीजे घोषित कर दिये गये है। रिजल्ट के साथ ही कट ऑफ भी जारी की गई है। इस साल 56 हजार अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा में क्वालिफाई किया है। दिल्ली जोन के शुभम कुमार ने जेईई एडवांस में पहला स्थान हासिल किया है।

..................

सीबीएसई ने बारहवीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑनमार्क पोर्टल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की टीम बनाई है। बोर्ड ने कहा है कि वह पोर्टल में पाई गई खामियों पर कड़ी निगरानी रख रहा है, जिन्हें हाल ही में सार्वजनिक रूप से उजागर किया गया था। सोशल मीडिया पोस्ट में बोर्ड ने बताया कि विभिन्न सरकारी एजेंसियों और आईआईटी के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का दल पिछले कुछ दिनों से इन प्रणालियों को मजबूत करने और पोर्टल को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए काम कर रहा है।

..................

आज कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का पुष्कर पंहुचने का कार्यक्रम है। वे पार्टी के राष्ट्रीय चिंतन शिविर के समापन समारोह में भाग लेंगे। इस दौरान वे राजस्थान और दिल्ली के जिला अध्यक्षों को संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि 10 दिन का ये चिंतन शिविर पुष्कर में आयोजित किया जा रहा है।

..................

पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश का मौसम बदला हुआ है। लगातार पिछले दो तीन दिनों से आंधी बारिश के दौर से तापमान में 6 डिग्री तक की गिरावट आई है। बाडमेर और जैसलमेर को छोडकर बाकी जगह अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे मापा गया। नागौर में तडके 4 बजे से शुरू हुआ बारिश का दौर रूक रूक कर जारी है। बारां और भीलवाडा में भी अल सुबह हल्की बारिश हुई। वहीं कल जैसलमेर में रेत का बवंडर उठा और दिन के समय ही अंधेरा छा गया। आसमान में दूर से ही धूल का गुबार नजर आया। जिले के नाचना, सुल्ताना और मोहनगढ में बवंडर का काफी असर रहा। नाचना में ओले भी गिरे। वहीं मौसम विभाग के अनुसार उदयपुर और हनुमानगढ़ के संगरिया सहित कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। सबसे ज्यादा साढे 5 सेंटीमीटर बारिश कोटपूतली के शाहपुरा मे दर्ज की गई। आंधी बारिश के प्रभाव से अगले चार–पांच दिनों तक हीटवेव से राहत बनी रहने के आसार है।

..................

प्रदेश में आये अंधड तूफान और बारिश के कारण जयपुर विद्युत वितरण निगम के तंत्र को व्यापक क्षति पंहुची है। जयपुर और कोटा जोन में बडी संख्या में बिजली पोल ट्रांसफार्मर और फीडर प्रभावित हुए है। इनसे 387 गांवों में बिजली सप्लाई पर असर पडा है। डिस्कॉम चेयरमैन आरती डोगरा ने बताया कि इनमें से 366 गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल की जा चुकी है। वहीं 21 गांवों में सप्लाई सुचारू करने के लिए टीमे जुटी हुई है।

..................

आज विश्व दुग्ध दिवस है। ये दिन वैश्विक स्तर पर खाद्य और पोषण के स्त्रोत के रूप में दूध के महत्व को पहचान देने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम महिला किसानों का सम्मान रखी गयी है। ये डेयरी उत्पादन, सतत कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका को मान्यता देती है। विश्व दूध दिवस के मौके पर देश मे अनेक स्थानों पर डेयरी और कृषि संस्थानों में सम्मान समारोह और जागरूकता शिविर रखे गये है। इधर प्रदेश में पाली जिले के सादडी में विश्व दूध दिवस के मौके पर ऊंटनी के दूध का निशुल्क वितरण कर इसके महत्व के बारे में बताया जा रहा है।

..................

प्रसिद्ध गायिका सुमन कल्याणपुर का कल मुंबई में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 89 वर्ष की थीं। उन्होंने 1950 से 1970 के दशक में हिन्दी, मराठी और अन्य कई भारतीय भाषाओं में फिल्मी गीत गाये। उन्होंने दिग्गज संगीतकारों के साथ काम किया और मशहूर गायक मोहम्मद रफी के साथ भी सैकड़ों गीत गाए।

..................

आईपीएल क्रिकेट में, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार दूसरी बार खिताब जीत लिया है। कल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में आरसीबी गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से हराकर चैम्पियन बनी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बी.सी.सी.आई अध्यक्ष मिथुन मन्हास और बी.सी.सी.आई सचिव देवजीत सैकिया ने आरसीबी कप्तान रजत पाटीदार को आईपीएल 2026 का खिताब दिया।

..................

प्रदेश में आज से बाल श्रम और बंधुआ मजदूरी तथा मानव तस्करी के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। राजस्थान पुलिस का ये अभियान 30 जून तक संचालित होगा। इसके लिए हर जिले में नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। अभियान के तहत होटलो, ढाबो, रेल्वे स्टेशनों, बस स्टेण्ड और फैक्ट्रियों में काम करने वाले बच्चों की स्क्रीनिंग की जायेगी।

..................